वी.यू. – अंतर महाविद्यालयीन एवं पत्रोपाधि योग प्रतियोगिता

आज दिनांक 14 अगस्त 2023 को पशुचिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर में अंतर महाविद्यालयीन एवं पत्रोपाधि महाविद्यालय योग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी, मा. कुलपति, नानाजी देशमुख विश्वविद्यालय जबलपुर एवं डॉ. राजेश शर्मा अधिष्ठाता पशु चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर ने किया। इस योग प्रतियोगिता में वीयू–पशु चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर, महू, रीवा, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर तथा पत्रोंपाधि महाविद्यालय से कुल आठ प्रतिभागीयों ने शानदार योग, आसन, प्राणायाम एवं क्रियाओं का उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम स्थान पर विशाखा जाटव तृतीय वर्ष मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर, द्वितीय स्थान

किरण पाटीदार, चतुर्थ वर्ष, पशु चिकित्सा महाविद्यालय रीवा और तृतीय स्थान आकांक्षा अग्निहोत्री, इंटर्नशिप, पशुचिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर रही। विशाखा जाटव को विश्वविद्यालय की ओर से मा. कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी ने 5000/– (पांच हजार) रुपए नगद राशि एवं प्रमाण पत्र 15 अगस्त को प्रदान किया जाएगा। योग प्रतियोगिता के सफल संचालन में नानाजी देशमुख विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा, संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. जी.पी. लखानी, डॉ. अकलन जैन, डॉ. गिरधारी दास, डॉ. सुदिप्तो घोष की सराहनीय भूमिका रही, निर्णायक मंडल में डॉ. विनय पटेल, देवेन्द्र मिश्रा एवं अनुराग गौतम शामिल रहे।